# परिशिष्ट-एक

**''परीक्षा योजना''**

**(1)** चयन दो चरणों में होगी, प्रथम चरण परीक्षा एवं द्वितीय चरण साक्षात्कार।

| | | |
|---|---|---|
| परीक्षा | - | 300 अंक |
| साक्षात्कार | - | 30 अंक |
| कुल | - | 330 अंक |

**(2)** परीक्षाः-

**(i)** परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार के एक प्रश्न पत्र निम्नानुसार होगाः-

प्रश्न पत्र

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्नों की संख्या 150 | 3:00 घंटे | अंक 300 |

| | |
|---|---|
| भाग 1 – छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान | - 50 प्रश्न (100 अंक) |
| भाग 2 – योग्यता परीक्षण | - 100 प्रश्न (200 अंक) |
| कुल | - 150 प्रश्न (300 अंक) |

**(3)** परीक्षा के प्रश्न पत्र वस्तुनिष्ठ (बहु विकल्प प्रश्न) प्रकार के होंगे, प्रत्येक प्रश्न के लिये चार संभाव्य उत्तर होंगे जिन्हें अ, ब, स, और द में समूहीकृत किया जाएगा जिनमें से केवल एक उत्तर सही/ निकटतम सही होगा, अभ्यर्थी को उत्तर पुस्तिका में उसके द्वारा निर्णित सही/निकटतम सही माने गये अ, ब, स या द में से केवल एक विकल्प का चयन करना होगा।

**टीप :- अभ्यर्थियों की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए आयोग परंपरागत परीक्षा के स्थान पर कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट (CBT) आयोजित कर सकेगा।**

**(4)** प्रश्न पत्र में ऋणात्मक मूल्यांकन का प्रावधान होगा। ऋणात्मक मूल्यांकन हेतु निम्न सूत्र का प्रयोग किया जाएगाः -

$$MO = M \times R - {}^{1}/_{3}\, M \times W$$

जहां **MO** = अभ्यर्थी के प्राप्तांक, M = एक सही उत्तर के लिए निर्धारित प्राप्तांक अथवा प्रश्न विलोपित किए जाने की स्थिति में पुनः निर्धारित प्राप्तांक, R = अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या तथा W = अभ्यर्थी द्वारा दिए गए गलत उत्तरों की संख्या है। उक्त सूत्र का प्रयोग कर प्राप्तांकों की गणना दशमलव के चार अंकों तक की जाएगी।

**(5)** पाठ्यक्रम की जानकारी **परिशिष्ट-दो** में दी गई है।

**(6)** लिखित/कौशल/अनुवीक्षण परीक्षा में अनारक्षित तथा अनारक्षित उपवर्ग के अभ्यर्थियों हेतु प्रत्येक प्रश्न-पत्र में न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा। आरक्षित वर्ग एवं आरक्षित उपवर्ग के अभ्यर्थियों हेतु प्रत्येक प्रश्न-पत्र में न्यूनतम 23 प्रतिशत अंक अर्जित करना अनिवार्य होगा अन्यथा उसे अनर्ह घोषित किया जाएगा।

**(7)** **साक्षात्कारः-** साक्षात्कार के लिए कोई अर्हकारी न्यूनतम अंक नहीं है।

**(8)** आयोग के प्रक्रिया नियम-2014 के अनुसार विज्ञापित पद हेतु प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर यदि आयोग द्वारा सीधे साक्षात्कार लिए जाने का निर्णय लिया जाता है तो, साक्षात्कार कुल 100 अंकों का होगा तथा साक्षात्कार में न्यूनतम 33 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के मामले में न्यूनतम 23 अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

**(9)** **साक्षात्कार** के लिए आमंत्रित किये जाने वाले उम्मीदवारों की संख्या, विज्ञापन में दिए गए रिक्त स्थानों की संख्या से लगभग तीन गुनी होगी। केवल वे उम्मीदवार, जिन्हें आयोग द्वारा परीक्षा में अर्ह घोषित किया जावेगा, वे साक्षात्कार के लिए पात्र होंगे।

**(10)** **चयन सूचीः-** उम्मीदवार का चयन परीक्षा एवं साक्षात्कार में प्राप्त कुल अंकों के आधार पर गुणानुक्रम एवं प्रवर्गवार किया जाएगा।

**(11)** चयन प्रक्रिया आयोग के प्रक्रिया नियम-2014 के अनुसार प्रावधानित होगी।

OOOOOO

## परिशिष्ट-दो

## "पाठ्यक्रम"

| भाग.1 छत्तीसगढ़ का सामान्य ज्ञान | भाग.2 योग्यता परीक्षण |
|---|---|
| 1. छत्तीसगढ़ का इतिहास एवं स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान।<br>2. छत्तीसगढ़ का भूगोल, जलवायु, भौतिक दशाएं, जनगणना, पुरातात्विक एवं पर्यटन केन्द्र।<br>3. छत्तीसगढ़ का साहित्य, संगीत, नृत्य , कला एवं संस्कृति, जनऊला, मुहावरे, हाना एवं लोकोक्तियां।<br>4. छत्तीसगढ़ की जनजातियां, विशेष परंपराएं, तीज एवं त्यौहार।<br>5. छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था, वन एवं कृषि।<br>6. छत्तीसगढ़ का प्रशासनिक ढांचा, स्थानीय शासन एवं पंचायती राज।<br>7. छत्तीसगढ़ में उद्योग, ऊर्जा, जल एवं खनिज संसाधन।<br>8. छत्तीसगढ़ की समसामयिक घटनाएं। | 1. संचार कौशल सहित पारस्परिक कौशल।<br>2. तार्किक तर्क और विश्लेषणात्मक क्षमता।<br>3. निर्णय - निर्माण और समस्या निवारण।<br>4. सामान्य मानसिक योग्यता।<br>5. मूल संख्यात्मक कार्य (सामान्य गणितीय कौशल) (स्तर-कक्षा दसवीं), आंकड़ों की व्याख्या (चार्ट, रेखांकन, तालिकाएं, आंकड़ों की पर्याप्तता इत्यादि) (स्तर-कक्षा दसवीं)।<br>6. हिन्दी भाषा ज्ञान (स्तर-कक्षा दसवीं)।<br>7. अंग्रेजी भाषा का ज्ञान (स्तर-कक्षा दसवीं)।<br>8. छत्तीसगढ़ी भाषा का ज्ञान।<br>9. कम्प्यूटर संचालन संबंधी ज्ञान।<br>हिन्दी भाषा ज्ञान और छत्तीसगढ़ी भाषा से संबंधित प्रश्न उसी भाषा में होंगे, इनका अनुवाद उपलब्ध नहीं होगा। |
| **Part-1 General Knowledge of Chhattisgarh** | **Part-2 Aptitude Test** |
| 1. History of Chhattisgarh, & Contribution of Chhattisgarh in Freedom Movement.<br>2. Geography, Climate, Physical status, Census, Archeological and Tourist Centres of Chhattisgarh.<br>3. Literature, Music, Dance, Art and Culture, Idioms and Proverbs, Puzzle/riddle (जनऊला), Singing (हाना) of Chhattisgarh.<br>4. Tribes, Special Traditions, Teej and Festivals of Chhattisgarh.<br>5. Economy, Forest and Agriculture of Chhattisgarh.<br>6. Administrative Structure, Local Government and Panchayatiraj of Chhattisgarh.<br>7. Industry in Chhattisgarh, Energy, Water and Mineral Resource of Chhattisgarh.<br>8. Current Affairs of Chhattisgarh. | 1. Interpersonal skills including communication skills;<br>2. Logical reasoning and analytical ability<br>3. Decision making and problem solving<br>4. General mental ability<br>5. Basic numeracy (numbers and their relations, orders of magnitude etc.) (Class X level), Data interpretation (charts, graphs, tables, data sufficiency etc. (Class X level)<br>6. Knowledge of Hindi Language (Class X level).<br>7. Knowledge of English Language (Class x level )<br>8. Knowledge of Chhattisgarhi Language.<br>9. Knowledge of Computer Operational.<br>Knowledge of Hindi Language and Chhattisgarhi Language will be tested in Hindi and Chhattisgarhi Language only, without providing translation. |